Regardingt need to set up a regional office of Spice Board of India in Unjha in Mahesana Parliamentary Constituency of Gujarat-Laid

श्री हरीभाई पटेल (महेसाणा) **:** उत्तर गुजरात देश के मसाला उत्पादन में 40 प्रतिशत का योगदान करता है, लेकिन स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया का मुख्यालय कोच्चि, केरल में होने के बावजूद, उत्तर गुजरात में क्षेत्रीय कार्यालय नहीं है । इससे यहाँ के मसाला उत्पादक किसानों, विक्रेता और निर्यातक को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । अतः, मैं माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र महेसाणा के उंझा जो कि एशिया की सबसे बड़ी व प्रसिद्ध मसाला व्यापार मंडी के रूप में जाना जाता है, में स्पाइस बोर्ड का एक क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया जाए, ताकि उंझा, महेसाणा सहित उत्तर गुजरात के मसाला उत्पादक किसानों, विक्रेताओं और निर्यातकों को आवश्यक सुविधाएँ और सहायता उपलब्ध कराई जा सके ।